| | | |
|---|---|---|
| इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय | **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**<br>मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068<br>वेबसाइटः www.ignou.ac.in | ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY |

# विज्ञापन संख्या 53/2014

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) भारतीय नागरिकों से इग्नू में निम्नलिखित पदों पर प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। इन पदों के लिए शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव, भर्ती की प्रविधि और अन्य पात्रता शर्तें प्रत्येक पद के सामने दिखाई गई हैं।

प्रतिनियुक्ति के आधार पर

| नाम एवं पदों की संख्या | वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन | अधिकतम आयु सीमा | अनिवार्य शैक्षिक एवं व्यावसायिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|---|
| मुख्य अभियन्ता<br>01–पद | वे.बै.–4, 37400–67000, रू. 10000/– ग्रेड वेतन सहित | 57 वर्ष | 1. केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सांविधिक या स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालय में समान पद पर नियमित रूप से कार्यरत वे अधिकारी जो अपने मूल कैडर/विभाग में समकक्ष पद पर 3 वर्षों से नियमित रूप से वेतन बैंड–4, ग्रेड वेतन रू. 8700/– पर कार्यरत हैं और जो अधीक्षक इंजीनियर के रैंक से नीचे नहीं हैं।<br>और<br>2. (i) सिविल/इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से उपाधिधारी।<br>(ii) योजना निर्माण एवं सिविल परियोजना के निष्पादन में 15 वर्षों का अनुभव जिसमें भवन परिसर, आवासीय परिसरों के अनुरक्षण का अनुभव शामिल है। |
| मुख्य सुरक्षा अधिकारी<br>01– पद | वे.बै.–4, 37400–67000, रू. 10000/– ग्रेड वेतन सहित | 57 वर्ष | 1. केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा सांविधिक स्वायत्त संगठनों/विश्वविद्यालय में समान पदों पर नियमित रूप से कार्यरत वे अधिकारी जो मूल कार्यालय/विभाग में वेतन बैंड–4, ग्रेड वेतन रू. 8700/– या समकक्ष पर 3 वर्षों से नियमित रूप से कार्यरत हैं<br>और<br>2. (i) कम से कम 55% अंकों या समकक्ष के साथ स्नातकोत्तर उपाधि धारक।<br>(ii) सेना/पुलिस/अर्द्धसैनिक बल या किसी सरकारी या स्वायत्त संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में ग्रुप–ए के पद पर कम से कम 15 वर्षों का अनुभव। |
| सम्पदा अधिकारी<br>01– पद | वे.बै.–4, 37400–67000, रू. 8900/– ग्रेड वेतन सहित | 57 वर्ष | 1. केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा सांविधिक स्वायत्त संगठनों/विश्वविद्यालय में मूल विभाग में समान पदों पर कार्यरत अधिकारी या वेतन बैंड–4, रू. 37400–67000 तथा ग्रेड वेतन रू. 8700/– में 3 वर्षों से नियमित आधार पर कार्यरत हों।<br>और<br>2. जिनके पास–<br>(i) कम से कम 55% अंक के साथ स्नातकोत्तर उपाधि धारक हों या इसके समकक्ष<br>या<br>समकक्ष के साथ सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि<br>या<br>कम से कम 55% अंक या समकक्ष के साथ कानून में स्नातक उपाधि और<br>(ii) विश्वविद्यालय, सिविल या सैनिक सम्पदा के सम्पदा प्रबंधन में 15 वर्षों का अनुभव। |

## प्रतिनियुक्ति पदों के लिए नोट :

क) प्रतिनियुक्ति की अवधि आरंभ में 3 वर्षों के लिए होगी जिसे अधिकतम 5 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है।
ख) आवेदनों की प्राप्ति की तारीख तक आवेदकों की आयु 57 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
ग) अभ्यर्थी द्वारा पद के लिए आवेदन करने के उपरांत उन्हें अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।
घ) जिन आवेदकों ने पहले के विज्ञापन सं. 51/2014 एवं 52/2014 के लिए मुख्य अभियंता, मुख्य सुरक्षा अधिकारी और संपदा अधिकारी के पदों के लिए ''उचित माध्यम से'' आवेदन किया है उन्हें पुनः आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है।

जारी............

सीधी भर्ती

| नाम एवं पदों की संख्या | वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन | अधिकतम आयु सीमा | अनिवार्य शैक्षिक एवं व्यावसायिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|---|
| संयुक्त कुलसचिव (सामग्री निर्माण एवं वितरण प्रभाग) 01 – पद (अना.) | वे.बै.–4, 37400–67000, रू. 8900/– ग्रेड वेतन सहित | 55 वर्ष | अनिवार्य :<br>1. कम से कम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या यू.जी.सी. के सात प्वाइंट पैमाने पर समकक्ष ग्रेड–बी<br>2. अजा/अजजा के अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर उपाधि में 5% अंकों की छूट दी जाएगी।<br>3. ग्रेड वेतन रू. 7600/– या इसके समकक्ष पद पर उप–कुलसचिव के रूप में 5 वर्ष तक कार्य किया हो।<br><br>वांछनीय :<br>शैक्षिक/अनुसंधान संस्थान में प्रकाशन/मुद्रण विभाग में कार्य करने की प्रमाणित क्षमता तथा विश्वविद्यालय प्रणाली की प्रक्रिया और परिप्रेक्ष्य की गहन समझ, विशेष तौर पर दूर एवं मुक्त शिक्षा के संदर्भ में। |
| संयुक्त कुलसचिव (वित्त एवं लेखा प्रभाग) 01– पद (अना.) | वे.बै.–4, 37400–67000, रू. 8900/– ग्रेड वेतन सहित | 55 वर्ष | अनिवार्य :<br>1. कम से कम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या यू.जी.सी. के सात प्वाइंट पैमाने पर समकक्ष ग्रेड–बी<br>2. अजा/अजजा के अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर उपाधि में 5% अंकों की छूट दी जाएगी।<br>3. ग्रेड वेतन रू. 7600/– या इसके समकक्ष पद पर उप–कुलसचिव के रूप में 5 वर्ष तक कार्य किया हो।<br>वांछनीय :<br>1. वित्तीय नियमों, विनियमों और सहमति आदि की पूर्ण जानकारी हो।<br>2. कंप्यूटरीकृत वित्तीय रिकॉर्ड बनाना एवं अनुरक्षण करना अर्थात् बजट बनाना, बिल पास करना और ई.आर.पी. पद्धति से लेखा तैयार करने का पर्याप्त अनुभव हो। |

सामान्य शर्तें :

1. चयन की विधि – केवल साक्षात्कार

2. आवेदन पत्र इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। इग्नू वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन पत्र के प्रारूप के अतिरिक्त किसी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. योग्यता, अनुभव, जाति, आयु आदि के दावों से संबंधित स्वप्रमाणित प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों सहित आवेदन पत्र (विधिवत भरा) सहायक कुलसचिव(भर्ती) प्रशासन प्रभाग, ब्लॉक–7 कमरा संख्या–13, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068 में 05 सितंबर, 2014 तक या इससे पहले पहुंच जाना चाहिए। आवेदक अपने लिफाफे पर ऊपर " ....... ...................................... पद के लिए आवेदन पत्र" स्पष्ट शब्दों में लिखें।

4. आवेदन पत्र का प्रक्रिया शुल्क (केवल सीधी भर्ती के लिए) सामान्य एवं अ.पि.व. के लिए 200/–रू. अ.जा./ज.जा. के आवेदकों के लिए 100/–रू. डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के रूप में इग्नू के पक्ष में दिल्ली में भुगतान योग्य होगा। महिला आवेदक और शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी के वे आवेदक जिनमें न्यूनतम 40% की अक्षमता हो उन आवेदकों को आवेदन पत्र प्रक्रिया शुल्क में छूट मिलेगी। आवेदन पत्र प्रक्रिया शुल्क किसी और रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार चुकाई गई फीस किसी भी परिस्थिति में न तो वापस की जाएगी और न ही किसी अन्य चयन की परीक्षा के लिए आरक्षित रखी जाएगी। डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के पीछे आवेदक अपना नाम और जन्म की तारीख लिखें।

5. जो आवेदक रोजगार में हैं वे अपने आवेदन पत्र **"उचित माध्यम से"** भेजें। प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन करें।

6. दिल्ली से बाहर के आवेदकों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए जाने पर प्रमाण प्रस्तुत करने पर मानदंडों के अनुसार लघुतम मार्ग का यात्रा भत्ता दिया जाएगा।

7. चूंकि प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा की जाएगी अतः आवश्यक नहीं कि केवल निर्धारित योग्यता और अपेक्षित अनुभव वाले व्यक्ति को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए।

जारी............

8. विश्वविद्यालय को पास योग्यता/अनुभव आदि में छूट देने का अधिकार है।

9. विनिर्दिष्ट पद के संबंध में अधिकतम आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तारीख अर्थात 05 सितंबर, 2014 तक गिने जाएंगे जो आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तारीख है।

10. पद पर नियुक्त आवेदक को विश्वविद्यालय के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में तैनात किया जाएगा।

11. अंतिम तारीख के बाद या किसी भी तरीके से अधूरे या प्रमाण पत्रों, फोटो और आवेदन प्रक्रिया शुल्क (जहां लागू हो) के बिना प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जाएगा और इस बारे में आवेदकों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। डाक में विलंब/खोने की स्थिति में विश्वविद्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

12. साक्षात्कार/अंतिम चयन के समय अभ्यर्थियों को अपनी उपाधि/प्रमाणपत्र/जन्म का प्रमाण पत्र और अन्य प्रमाण पत्र तथा विनिर्दिष्ट पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले दस्तावेज मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे।

13. इग्नू आवेदन पत्र की अंतिम तारीख बढ़ा भी सकता है। इग्नू को इस पद की भर्ती को स्थगित/रद्द करने का भी अधिकार है।

14. अभ्यर्थी की किसी भी प्रकार की अभ्यर्थना को अयोग्यता माना जाएगा।

15. इस भर्ती के लिए सभी कानूनी मामलों का अधिकार क्षेत्र दिल्ली होगा और यदि किसी अन्य कोर्ट में कोई कानूनी मामला दायर किया जाएगा तो वह मान्य नहीं होगा।

16. छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार दी जाएगी।

17. ओ बी सी के मामले में जाति प्रमाण पत्र के साथ–साथ यह अवश्य लिखा जाए कि आवेदक ''क्रीमी लेयर'' से नहीं है। नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले ओ बी सी आवेदक भारत सरकार सरकार द्वारा समय–समय पर जारी मार्ग निर्देशों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

18. आवेदन पत्र (सभी अनुलग्नकों के साथ विधिवत भरे हुए) निर्धारित तारीख तक या उससे पहले पहुंच जाने चाहिए। आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख 05 सितंबर 2014 है।

कुलसचिव, प्रशासन